Chapter – 3

Cost Centers in Tally

Cost Centers

कास्ट सेण्टर किसी प्रतिष्ठान के लिए ऐसा प्रावधान है,जिसमे किसी विशेष बिंदु अथवा विशेष प्रयोजन पर किये गए खर्चो को प्रदर्शित किया जाता है | किसी लेनदेन का लेज़र अकाउंट केवल लेनदेन की प्रकृति के बारे में बताता है| इसके लिए वाउचर एंट्री करने पर वाउचर के narration वाले भाग के अतिरिक्त हमे किसी भाग से यह ज्ञात नहीं हो सकता है की यह लेनदेन प्रतिष्ठान के कौन से विभाग से संबंधित है | उदाहरण के लिए ,किसी कंपनी की विभिन्न शाखाये कास्ट सेण्टर हो सकते है | किसी कंपनी के उत्पादों को भी कॉस्ट सेण्टर के रूप में परिभाषित किया जा सकता है |टैली में कास्ट सेण्टर दो प्रकार के होते है –

- प्राइमरी कास्ट सेण्टर
- सेकेंडरी कास्ट सेण्टर

सेकेंडरी कास्ट सेण्टर एक सबग्रुप की तरह होता है ,जो की एक प्राइमरी कास्ट सेण्टर के अंतर्गत परिभाषित किया जाता है | यदि टैली में हमने कोई कास्ट सेण्टर अभी तक परिभाषित नहीं किया है,तो परिभाषित किया जाने पहला कास्ट सेण्टर प्राइमरी कास्ट सेण्टर के रूप में ही परिभाषित किया जाएगा | एक प्राइमरी कास्ट सेण्टर के अनेक सेकेंडरी कास्ट सेण्टर हो सकते है ,परन्तु एक सेकेंडरी कास्ट सेण्टर का केवल एक ही प्राइमरी कास्ट सेण्टर हो सकता है |[mks_col]